प्रैसनोट

कार्यालय महानिदेशक,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्यालय जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा संयुक्त शासन सचिव के निवास पर किया सर्च

जयपुर 4 सितंबर 2019।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय जयपुर स्पेशल यूनिट प्रथम द्वारा बुधवार को कार्रवाई करते हुए संयुक्त शासन सचिव खान विभाग बंशीधर कुमावत एवं दो दलाल विकास डांगी व ओम सिंह को 4 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। जिन्हें आज न्यायालय में पेश किया गया।न्यायालय ने तीनों के लिए 4 दिन के रिमांड अवधि के आदेश दिए। संयुक्त शासन सचिव बंशीधर कुमावत के जयपुर स्थित निवास पर सर्च कार्रवाई की भी गई।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो स्पेशल यूनिट द्वितीय निरीक्षक श्री मांगीलाल चौधरी के नेतृत्व में संयुक्त शासन सचिव बंशीधर कुमावत के जयपुर स्थित निवास स्थान पर सर्च कार्रवाई की गई। सर्च में निम्नांकित संपत्ति के दस्तावेज व कागजात मिले :-

संयुक्त शासन सचिव बंशीधर कुमावत के निवास से 55 हजार रुपए नकल एवं स्वयं पत्नी एवं पुत्र के नाम विभिन्न बैंकों में 14 बचत खाते एवं दो लॉकर के कागजात मिले जिनकी तलाशी से शेष है

1. बंशीधर कुमावत के नाम जयपुर,अजमेर,किशनगढ़ रेनवाल में 6 भूखंड व मकानों के कागजात मिले।
2. बंशीधर कुमावत व उसकी पत्नी हेमलता के नाम अजमेर में 2 भूखंडों के कागजात मिले।

3. पत्नी हेमलता के नाम किशनगढ़, अजमेर, नाथद्वारा एवं जयपुर में 9 भूखंडों वह दो दुकान के कागजात मिले।
4. बंशीधर कुमावत व पत्नी हेमलता व पुत्र मेहुल के नाम झरबालापुरा जिला बूंदी में 18 बीघा कृषि भूमि के कागजात।

साथ ही बंशीधर कुमावत के निवास स्थान पर विभिन्न लोगों द्वारा ओम नेचुरल रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम ग्राम बालकपुरा अजमेर में कृषि भूमि के बेचान संबंधी रजिस्ट्रीयों की 35 प्रमाणित प्रतियां एवं 35 मूल रजिस्ट्रीया बरामद की गई।